केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली 110067
******

प्रथम अपील सं CICOM/A/P/25/00127
संदर्भ संचिका सं . CICOM/R/P/25/00129
अपीलकर्ता श्री वेदप्रकाश शर्मा

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 19.04.2025 |
| संबंधित केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी को आवेदन प्राप्त होने की तिथि | 01.05.2025 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 26.05.2025 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री ओ.पी.पोखरियाल, CPIO (DR to AR) |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 04.06.2025 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय में प्रथम अपील आवेदन प्राप्त होने की तिथि | 10.06.2025 |
| निर्णय की तारीख | 04.07.2025 |

1.मांगी गई सूचना

अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 19.04.2025 के आर.टी.आई आवेदन के माध्यम से निम्नलिखित सूचनाएं मांगी गई थी : .

"1.) उस माध्यम का नाम संदर्भित संख्या और उस माध्यम की रशीद की प्रति उपलब्ध करायी जाये जिसके द्वारा द्वितीय अपील नं CIC/CANBK/A/2024/113252 एवं शिकायत सं CIC/CANBK/C/2024/106481 की दिनांक 13.02.2025 को माननीय आयोग द्वारा सुनवाई किये जाने की सूचनाएं केनरा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय मथुरा में पदस्थ जन सूचना अधिकारी को भेजी गयी।

2.) उस माध्यम का नाम संदर्भित संख्या और उस माध्यम की रशीद की प्रति उपलब्ध करायी जाये जिसके द्वारा उपरोक्त बिंदु सं 1 में वर्णित अपील व शिकायत के संबंध में माननीय सूचना आयुक्त महोदय के आदेश दिनांक 21.02.2025 (प्रति संग्लन ) की प्रति जनसूचना अधिकारी केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मथुरा को भेजी गयी।

3.) उस माध्यम का नाम, संदर्भित संख्या और उस माध्यम की रशीद की प्रति उपलब्ध करायी जाये द्वारा उपरोक्त वर्णित अपील व शिकायत के संबंध में माननीय सूचना आयुक्त महोदया के आदेश दिनांकित 21.05.2025 की प्रति प्रथम अपीलीय अधिकारी केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मथुरा को भेजी गयी ?

4.) उपरोक्त वर्णित अपील व शिकायत के संबंध में दिए गए माननीय सूचना आयुक्त महोदया के आदेश दिनांक 21.02.2025 के बिंदु सं 6 के क्रम में जनसूचना अधिकारी द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण के प्रत्येक पेज की प्रति उपलब्ध करायी जाये और प्रस्तुतीकरण के आयोग में प्राप्ति के दिनांक की जानकारी भी उपलब्ध करायी जाये।

5.) माननीय सूचना आयुक्त महोदया के आदेश के बिंदु सं 7 के क्रम में प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा दिए गए जवाब के प्रत्येक पेज की प्रति और आयोग में उसकी प्राप्ति के दिनांक की जानकारी उपलब्ध करायी जाये।

6.) इस प्रकरण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने का भी कष्ट करें।

2. प्रदान की गई सूचना

श्री ओ.पी.पोखरियाल, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी ने पत्र दिनांकित 26.05.2025 के माध्यम से निम्नलिखित सूचनाएं प्रेषित की गई –

Point No.1,2 &3.) – The requisite information sought by you is available in CIC's website cic.gov.in. and may be accessed by clicking the following link https://dsscic.nic.in/appeal-comp-status-dak-file/list-dak-file

Point No.4,5 & 6) – A Letter for Non – Compliance of Commission's Order has been sent to CPIO to provide the complete information with enclosures, as per directions of the Commission. (copy sent to your registered address)

3. प्रथम अपील का आधार

सूचना आवेदन पंजीकरण सं CICOM/R/P/25/00219 के बिंदु सं 4 और 5 के संबंध में दिए गए जवाब संतोष जनक नहीं है। जन सूचना अधिकारी द्वारा आयोग के आदेश की जानकारी दी गयी है जबकि मैंने सूचना आवेदन के बिंदु संख्या 4 और 5 में केनरा बैंक के जन सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा आयोग के आदेश के क्रम में आयोग को दिए गए जवाबो /प्रस्तुती कारणों की प्रतियाँ मांगी गयी है। इस संबंध में आपको अपील प्रस्तुत है कृपया अपील का उचित निस्तारण करें। महोदय कृपया जवाबी पत्रों में वांछित प्रश्नो की प्रविस्टि भी करायी जाये।

4. निर्णय

आर. टी. आई. आवेदन, प्रदान की गई सूचना एवं प्रथम अपील का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के आर.टी.आई. आवेदन CICOM/R/P/25/00219 के प्रतिउत्तर में केंद्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रेषित की गई सूचना, सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों एवं मांगी

गई सूचना के अनुसार ही है। अतः केंद्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना तथ्यात्मक है और इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है।

5. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

6. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश /निर्णय से संतुष्ट न हो तो अधिनियम की धारा 19 (3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति 90 दिनों के अंदर केंद्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 में की जा सकती है।

निर्णय की दिनांक 04.07.2025

रजिस्ट्रार & प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष : 011-26105021

प्रतिलिपि :

1.) केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली।

O/C

4-7-25

C. I. C./के॰ सू॰ आ॰
RECEIVED
04 JUL 2025
D. No. ..................
Initials..................